कार्यालय उप वन संरक्षक, वन्यजीव, बीकानेर

क्रमांकः एफ ( )कार्मिक / उवसवजी / 2023–24 /   दिनांकः

कार्यालय आदेश

इस कार्यालय के आदेश क्रमांक 3623–35 दिनांक 15.12.2023 द्वारा पशुधन सहायकों के 02 नवसृजित पदों के विरूद्ध, आवश्यक अस्थायी आधर (Urgent Temporary Basis) परसमेकित पारिश्रमिक के आधार पर लगाये गये पशुधन सहायकों में से मेरिट क्रमांक 1 पर चयनित अभ्यर्थी श्री रामनरेश पुत्र श्री दुर्गाराम डांगा एवं मेरिट क्रमांक 2 पर चयनित अभ्यर्थी श्री श्याम सुन्दर पुत्र श्री रामस्वरूप द्वारा निर्धारित अवधि (05 दिवस) में इस कार्यालय में उपस्थिति नहीं दी गयी। तत्पश्चात इस कार्यालय के क्रमांक 3755–60 दिनांक 22.12.2023 द्वारा मेरिट मे चयनित प्रथम एवं द्वितीय अभ्यथियों को पत्र प्राप्ति के 03 दिवस के भीतर इस कार्यालय में उपस्थिति देने हेतु पुनः सूचित किया गया। नियुक्ति के शर्तो के अनुसार निर्धारित अवधि में चयनित अभ्यर्थी द्वारा उपस्थिति नहीं दिये जाने के कारण उनकी नियुक्ति स्वतः ही निरस्त हो गयी है।

उक्त नियुक्तियों के लिए जिला कलक्टर महोदय द्वारा गठित चयन समिति द्वारा अनुशंषा की गयी सूची में से क्रमांक 3 एवं 4 पर चयनित अभ्यर्थी को पशुधन सहायक के रिक्त पद के विरूध समेकित पारिश्रमिक राशि रूपये 26300 / –(अक्षरे रूपये छबीस हजार तीन सौ मात्र) प्रतिमाह पर उनके कार्यग्रहण तिथि से तीन माह तक के लिए पशुधन सहायक का कार्य करने हेतु पूर्णतया अस्थायी रूप से लगाया जाता है।

क्र. सं.	आवेदक का नाम	पिता / पति का नाम	जन्म दिनांक	पदस्थापन स्थान
1	चेनाराम जाट	श्री देवकरण जाट	15.07.2000	उप वन संरक्षक वन्यजीव बीकानेर
2	बाबुलाल मेघवाल	श्री ईमरता राम मेघवाल	16.03.2000	उप वन संरक्षक वन्यजीव बीकानेर

समेकित पारिश्रमिक के अतिरिक्त अन्य किसी प्रकार का भत्ता, वार्षिक वेतन वृद्धि, अवकाश (आकस्मिक अवकाश के अलावा) तथा वरिष्ठता आदि देय नहीं होगी तथा इनके समेकित पारिश्रमिक में से जी.पी.एफ / सी.पी.एफ.राज्य बीमा आदि की कटौती नही की जायेगी। कार्यस्थल पर कार्यभार संभालने हेतु कोई यात्रा भत्ता भी देय नहीं होगा।

अभ्यर्थी का जिस जिले में चयन किया गया है उस जिले से अन्यत्र स्थानान्तरित नहीं किया जायेगा। यह नियुक्ति पूर्णतया अस्थाई एवं नियत पारिश्रमिक के आधार पर है। भविष्य में इस नियुक्ति के अधीन, अभ्यर्थी राज्य सरकार से नियमित नियुक्ति के लिए किसी भी प्रकार के हकदार नहीं रहेगा।

चयनीत अभ्यर्थी उप वन संरक्षक वन्यजीव बीकानेर मे जोईनिंग के समय प्रार्थी द्वारा कार्मिक (क–2) विभाग के परिपत्र 04.10.2013 के अनुसार में धूम्रपान एवं गुटखा सेवन नहीं करने का वचन बद्धता (Undertaking) कार्मिक विभाग के परिपत्र दिनांक 30.06.20213 के अनुसार विवाहित होने की स्थिति में विवाह पंजीकरण की सूचना / दहेज नहीं लिये जाने का शपथ पत्र नियुक्ति के संबंध में आवश्यक शर्तों के

Signature valid
Digitally signed by Sandeep Kumar Chhalani
Designation: Deputy Conservator Of Forest
Date: 2024.01.01 13:16:12 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref 504810

संबंध में राशि रू.100 के नॉन ज्यूडिशयल स्टाम्प एवं नॉटेरी द्वारा प्रमाणित शपथ पत्र दिया जाना सुनिश्चित करें।

चयनित अभ्यर्थी को नियुक्ति आदेश जारी होने की दिनांक की 05 दिवस की अवधि में अपने पदस्थापन वनमण्डल वन्यजीव बीकानेर पर उपस्थिति देनी अनिवार्य होगी अन्यथा उसका यह नियुक्ति आदेश स्वतः ही निरस्त माना जायेगा।

अभ्यर्थी द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों व अन्य जानकारी में भविष्य में किसी भी प्रकार की कोई भी सूचना गलत पाई जाती है तो अभ्यर्थी के विरूद्ध नियमानुसार कानूनी कार्यवाही की जायेगी।

भवदीय

(संदीप कुमार छलानी)
उप वन संरक्षक
वन्यजीव, बीकानेर

क्रमांकः समसंख्यक / 33-44 दिनांकः– 01-01-2024

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

1– श्रीमान प्रधान मुख्य वन संरक्षक वन बल प्रमुख राजस्थान जयपुर।
2– श्रीमान प्रधान मुख्य वन संरक्षक, वन्यजीव एवं प्रतिपालक, राजस्थान, जयपुर
3– श्रीमान शासन सचिव,पशुपालन विभाग शासन सचिवालय राजस्थान, जयपुर।
4– श्रीमान संभागीय मुख्य वन संरक्षक बीकानेर।
5– श्रीमान जिला कलक्टर बीकानेर।
6– रजिस्ट्रार महाराजा गंगा सिंह यूनिवर्सिटी, बीकानेर।
7– DCF (IT) जयपुर अरण्य भवन को प्रेषित कर निवेदन है कि, वेबसाइट पर उक्त सूचना प्रकाशित कराने का कष्ट करावें।
8– संयुक्त निदेशक, पशुपालन विभाग,बीकानेर।
9– कोषाधिकारी, कोष कार्यालय, बीकानेर।
10– संबंधित अभ्यर्थी श्री...
11–रक्षित पत्रावली।

उप वन संरक्षक
वन्यजीव, बीकानेर

Signature valid
Digitally signed by Sandeep Kumar Chhalani
Designation : Deputy Conservator Of Forest
Date: 2024.01.01 15:16:12 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref 5258011

IA 3 DCF(IT) 10/1/2024